ई–मेल

प्रेषक,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

डा0 आर0हर्षवर्धन,
संयुक्त निदेशक, SOTTO तथा विभागाध्यक्ष,
हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग,
एस0जी0पी0जी0आई0, लखनऊ।

संख्याः एम0ई0–3/2023/2043 लखनऊःदिनांक 30, अगस्त, 2023

विषयः मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम 1994 यथासंशोधित के संबंध में दिनांक 10 मई, 2023 को महानिदेशालय में आहूत बैठक में लिये गये निर्णय के कम में वांछित सूचना उपलब्ध कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया अपने पत्र संख्या–SGPGI/HA/SOTTO-06/148/2023 दिनांक 26.05.2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा Standard checklist for Assessment of Transplant centres for Grant of Authorisation under THOA 1994/THOTA Rules 2014 से सम्बन्धित सूचनायें प्रेषित करते हुए शेष सूचनायें यथाशीघ्र प्रेषित किये जाने से अवगत कराया गया है।

इस संदर्भ में अवगत कराना है कि आपके उक्त पत्र के साथ प्राप्त चेकलिस्ट अनुमोदित की जाती है। उक्त चेकलिस्ट को सुगम बनाये जाने हेतु App के रूप में विकसित किया जाना है, जिसके सम्बन्ध में नियमानुसार वेन्डर से प्रस्ताव प्राप्त करते हुये इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

उक्त के अतिरिक्त इस कार्यालय के पत्र संख्याः एम0ई0–03/2023/989 दिनांकः 15 मई, 2023 द्वारा शेष वांछित सूचनाएं भी तत्काल इस कार्यालय के उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(किंजल सिंह)
महानिदेशक।